CMYK
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:16 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:39 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ

हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 135 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 18 नवंबर 2024



बॉक्स ऑफिस पर नहीं खत्म हो...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### जवाहर नगर से दो बच्चे लापता

**हल्द्वानी।** थाना बनभूलपुरा क्षेत्र के जवाहर नगर में रहने वाली बबीता देवी के 13 वर्षीय बेटे दीपेश और भतीजे रोहित संदिग्ध हालत में लापता हो गए हैं। परिजनों ने उनकी ढूंढ खोज भी की लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। महिला ने बनभूलपुरा थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई है। बबीता देवी ने बताया कि उनके बेटे दीपेश और भतीजे रोहित बीती 13 नवंबर को दोपहर लगभग 1:30 बजे घर से बिना बताए कहीं चले गए। दोनों बच्चों के वापस न लौटने से परिवार की चिंता बढ़ गई है। बबीता ने अपने स्तर पर दोनों बच्चों को हर संभावित जगह पर तलाश किया, लेकिन कहीं भी उनका पता नहीं चल सका। परेशान बबीता ने थाना बनभूलपुरा पहुंचकर पुलिस से मदद की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब दोनों बच्चे बिना बताए घर से गए हों। इससे पहले भी दो बार दोनों बच्चे घर छोड़कर भाग चुके हैं। एक बार वे वृंदावन में और दूसरी बार दिल्ली में मिले थे। बबीता देवी ने पुलिस को दिए अपने बयान में कहा कि उनके बच्चों को जल्द से जल्द ढूंढा जाए। थाना बनभूलपुरा की पुलिस ने बच्चों की तलाश शुरू कर दी है।

### ऊंचापुल क्षेत्र से नाबालिग किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** शहर के चीनपुर ऊँचापुल इलाके में एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला-फुसलाकर भगाने का मामला सामने आया है। लड़की के पिता संजय तिवारी ने थाना मुखानी में तहरीर देकर एक युवक पर उसे बहला फुसला कर भाग ले जाने का आरोप लगाया है। परिवार ने बताया कि आरोपी सूरज वर्मन, जो मूल रूप से बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के बैरिया ग्राम का निवासी है, उनकी बेटी को बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया। आरोपी सूरज पिछले एक वर्ष से निक्की के संपर्क में था। वह इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स के जरिए लगातार लड़की से बातचीत कर रहा था। परिजनों ने तहरीर में न केवल सूरज बल्कि उसके भाई जितेंद्र का भी मोबाइल नंबर और पता साझा किया है। मुखानी पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## भाजपा में शामिल हुए कैलाश गहलोत, मनोहर लाल ने दिलाई सदस्यता

नई दिल्ली
एजेंसी

आम आदमी पार्टी और दिल्ली सरकार के मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल हो गए हैं। भाजपा मुख्यालय में मनोहर लाल खट्टर ने उन्हें सदस्यता दिलाई है। नजफगढ़ से विधायक कैलाश गहलोत सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा मुख्यालय में कैलाश गहलोत को मनोहर लाल खट्टर ने सदस्यता दिलाई है। वहीं इस दौरान दिल्ली भाजपा के कई वरिष्ठ नेता वहां मौजूद रहे। कैलाश गहलोत ने रविवार को ही आप की प्राथमिक





सदस्यता और मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। कैलाश गहलोत ने 19 फरवरी 2015 को पहली बार दिल्ली सरकार में परिवहन मंत्री के रूप शपथ ली थी। उसके बाद वह लगातार तीन बाद मंत्री बनाए गए। इस्तीफा देने से पहले कैलाश गहलोत ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए। केजरीवाल को लिखे पत्र में गहलोत ने कहा कि इस समय आम आदमी पार्टी गंभीर चुनौतियां से गुजर रही है। पार्टी में राजनीतिक महत्वाकांक्षाएं लोगों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर हावी हो गई हैं, जिससे कई वादे अधूरे रह गए हैं।

जो पार्टी ने दिल्ली की जनता से किए थे। यमुना को साफ करने का सपना पूरा नहीं हो पाया। यमुना अब पहले से ज्यादा प्रदूषित हो गई। इसके अलावा शीशमहल (मुख्यमंत्री आवास) जैसे कई अजीबोगरीब विवाद सामने आए। इसने पार्टी की छवि खराब हुई। सवाल उठ रहे हैं कि लोग पार्टी पर विश्वास कर रहे हैं। पार्टी लोगों के अधिकारों के लिए लड़ने के बजाय केवल अपने राजनीतिक एजेंडे के लिए लड़ रहे हैं। इसने दिल्ली के लोगों को बुनियादी सेवाएं देने की हमारी क्षमता कमजोर हुई।

दिल्ली सरकार अपना अधिकांश समय केंद्र से लड़ने में बिताती है जिससे दिल्ली का वास्तविक विकास नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि राजनीतिक यात्रा दिल्ली के लोगों की सेवा करने के लिए शुरू की थी, इसे जारी रखना चाहता हूं। यही कारण है कि आप से अलग हो रहा हूं और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं।

14 इलाकों में एक्यूआई अति गंभीर श्रेणी में रहा

## दिल्ली में ग्रेप का चौथा चरण लागू
## 10वीं व 12वीं छोड़ सभी स्कूल बंद

नई दिल्ली
एजेंसी

दिल्ली में वायु गुणवत्ता अति गंभीर श्रेणी की दहलीज में पहुंच गई है। लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। ऐसे में दिल्ली सरकार ने छठी से 11वीं कक्षा को ऑनलाइन चलाने का फैसला लिया है।

दिल्ली-एनसीआर के इलाके प्रदूषण के खतरनाक स्तर के चलते गैस चैंबर में बदल गए हैं। लोग जहरीली हवा में सांस लेने के लिए मजबूर हो गए हैं। इसे देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) की चौथे चरण की पाबंदियां लागू कर दी गई हैं, जो आज सुबह आठ बजे से प्रभावी हो जाएंगी। इन पाबंदियों के चलते राष्ट्रीय राजधानी में भारी वाहनों के प्रवेश और सार्वजनिक निर्माण कार्यों पर रोक रहेगी। केवल आवश्यक सामान और सेवाओं लगे डीजल चालित बीएस-4 और उससे नीचे के भारी वाहनों, इलेक्ट्रिक और बीएस-छह डीजल के ट्रकों को पाबंदियों से छूट मिलेगी। 10वीं-12वीं को छोड़ सभी स्कूल बंद कर दिए गए हैं। घर से काम करने का सुझाव दिया गया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि दिल्ली में ग्रैप-4 के



प्रतिबंध लागू हो गए हैं। इसे देखते हुए 11वीं कक्षा तक मंगलवार से ऑनलाइन कक्षाएं चलेंगी। ऑनलाइन कक्षाओं से 10वीं और 12वीं के छात्र इसे बाहर रहेंगे। इन्हें पहले की तरह पढ़ाया जाएगा। ऑनलाइन कक्षाएं अगले आदेश तक जारी रहेगी। दिल्ली में रविवार को औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 457 रहा, जो गंभीर श्रेणी में है। इसे देखते हुए दिल्ली-एनसीआर में ग्रेप संचालन के लिए केंद्रीय उप समिति वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने आपात बैठक बुलाई और ग्रेप-4 लागू करने का फैसला किया। हालात ऐसे रहे कि दिल्ली में शाम चार बजे जो औसत एक्यूआई 441 था, वह मौसम संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण शाम 7 बजे तक बढ़कर 457 पर पहुंच गया, जो अति गंभीर श्रेणी में आता है। हवा की गति व दिशा बदलने से दिल्ली में वायु गुणवत्ता अति गंभीर श्रेणी की दहलीज में पहुंच गई है। लोग प्रदूषित हवा में सांस लेने को मजबूर हैं। रविवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 441 के करीब पहुंच गया। यह इस सीजन का सबसे अधिक एक्यूआई है, जो गंभीर श्रेणी में है। वहीं, शनिवार के मुकाबले वायु सूचकांक में 24 अंक की वृद्धि दर्ज की गई। इससे पालम हवाई अड्डे पर हल्का कोहरा दर्ज किया गया। सुबह साढ़े आठ बजे से नौ बजे दृश्यता सबसे कम 500 मीटर दर्ज की गई।

## पिथौरागढ़ आर्मी की भर्ती के लिए रोडवेज बसें खचाखच

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

**परेशानी**
- मनचाहा भाड़ा वसूल रहे हैं टैक्सी चालक

हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन पर आज सोमवार को अचानक युवाओं की भारी भीड़ जुट गई। पड़ोसी राज्यों से आए युवाओं को हल्द्वानी रोडवेज स्टेशन से पिथौरागढ़ आर्मी की भर्ती के लिए बस पकड़नी थी। लेकिन इतनी बड़ी संख्या में आए युवाओं को देख रोडवेज प्रशासन की हाथ पांव फूल गए। मौके पर सिटी मजिस्ट्रेट और आरटीओ प्रवर्तन गुरदेव सिंह ने मोर्चा संभाला दोपहर तक रोडवेज और केमू की 34 बसों से युवाओं को पिथौरागढ़ के लिए रवाना किया गया। उसके बावजूद भी सैकड़ो की संख्या में युवाओं का आने का सिलसिला जारी था।

सिटी मजिस्ट्रेट एपील वाजपेई ने बताया कि पिथौरागढ़ आर्मी की ट्यूटोरियल भर्ती में भाग लेने के लिए युवा आए हैं जिनके लिए बस का इंतजाम किया जा रहा है। वहीं आरटीओ गुरदेव सिंह ने बताया कि अब तक 34 बसों में युवाओं को भेजा जा चुका है और भी बसों का इंतजाम किया जा रहा है छात्रों का हंगामा देखते हुए प्रशासन ने मौके पर फोर्स भी बुला दी हालांकि युवाओं की पिथौरागढ़ के लिए बस दिए जाने की मांग थी। वहीं भर्ती देने वाले युवाओं का कहना है कि परिवहन विभाग द्वारा रोडवेज बसों की अतिरिक्त कोई व्यवस्था नहीं की गई है,निजी टैक्सी वाले पिथौरागढ़ प्रति सवारी 8 हजार रुपए ले रहे है जो पूरी तरह से गलत है युवाओं ने राज्य सरकार से मांग की है कि अतिरिक्त बसों की व्यवस्था की जाए।



## यूट्यूबर सौरभ जोशी से मांगी लॉरेंस विश्नोई गैंग ने फिरौती

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

लॉरेंस विश्नोई गैंग की जाने माने यूट्यूबर सौरभ जोशी को धमकी मिली है। लॉरेंस विश्नोई गैंग की तरफ से दो करोड़ की डिमांड की गई है। और ऐसा न करने पर सौरभ के परिवार के सदस्य को मारने की धमकी भी दी है।

उत्तराखंड के हल्द्वानी निवासी यूट्यूबर सौरभ जोशी को लॉरेंस विश्नोई गैंग ने पत्र भेजकर नकद दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी है। पांच दिन में पैसा देने के लिए कहा गया है। पैसा नहीं देने और पुलिस के पास जाने पर एक-एक कर घर के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई है। सौरभ जोशी जोशी की तहरीर पर पुलिस ने कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। ओलिविया रामपुर रोड हल्द्वानी निवासी यूट्यूबर सौरभ जोशी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसे एक धमकी भरा पत्र प्राप्त हुआ है। इस पत्र मे मेरे और मेरे परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी गई है। सौरभ ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बहुत भयभीत है। उधर पुलिस ने सौरभ की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पत्र में लिखा है कि हम पांच दिन तक आपके जवाब का इंतजार करेंगे। यदि आपने कोई भी जवाब नही दिया या फिर पुलिस में शिकायत करने की कोशिश की या इस बात को अपने परिवार के अलावा किसी अन्य व्यक्ति से सांझा किया तो आपके परिवार से एक सदस्य कम हो जाएगा।

## आज से चुनाव प्रचार बंद, केदारनाथ विस में 20 को मतदान

देहरादून
हमारे संवाददाता

**तैयारी**
- भाजपा और कांग्रेस सहित मैदान में छह प्रत्याशी
- शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी

केदारनाथ विस उपचुनाव में भाजपा, कांग्रेस सहित छह प्रत्याशी मैदान में हैं। 173 पोलिंग बूथ पर 90875 मतदाता मतदान करेंगे।

केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव के लिए आज प्रचार बंद हो जाएगा। 20 नवंबर को मतदान और 23 को मतगणना होगी। शांतिपूर्ण मतदान और मतगणना के लिए निर्वाचन विभाग और प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस वर्ष 9 जुलाई को केदारनाथ विस की विधायक शैलारानी रावत के निधन से सीट खाली हो गई थी। 15 अक्तूबर को भारत निर्वाचन आयोग ने उपचुनाव की अधिसूचना जारी की थी। 22 से 29 अक्तूबर तक नामांकन प्रकिया के





तहत 6 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन किया।

इस उपचुनाव में भाजपा से आशा नौटियाल, कांग्रेस से मनोज रावत, उत्क्रांद से डॉ आशुतोष भंडारी के अलावा निर्दलीय त्रिभुवन चौहान, आरपी सिंह और प्रदीप रोहन रुद्रिया हैं। बीते 17 दिनों से सभी प्रत्याशी चुनाव प्रचार में जुटे हुए हैं। आज शाम 5 बजे प्रचार खत्म हो जाएगा।

सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी धीरज कुमार ने बताया कि केदारनाथ विस उप चुनाव में कुल 90875 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

मतदान के लिए 173 पोलिंग बूथ बनाए गए हैं। 18 नवंबर को दूरस्थ गौंडार, रांसी, चिलौंड मतदान केंद्र के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना होंगी, जबकि 19 नवंबर को अन्य शेष पार्टियां रवाना की जाएंगी। उन्होंने बताया शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं।

# उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकरियों की बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद नैनीताल के सभी विकास खंडों की नवनिर्वाचित पदाधिकारियों की रविवार को मुख्य शिक्षा अधिकारी सभागार भीमताल में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को सामूहिक रूप से संगठन के प्रांतीय संयोजक मनोज तिवारी द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक में जनपद नैनीताल की ओर से प्रदेश निर्वाचन में अध्यक्ष पद जनपद नैनीताल की दावेदारी का समर्थन सर्वसम्मति से किया गया। इससे पूर्व जनपदीय निर्वाचन शीघ्र संपन्न किए जाने को लेकर स्थान तथा तिथि एवं चुनाव की अन्य सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई जिसमें इस वर्ष चुनाव विकासखंड रामनगर में कराए जाने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में विद्यालय संचालन समय को लेकर सभी पदाधिकारी का स्पष्ट मंतव्य था कि प्रदेश की भौगोलिक व्यवस्था के अनुरूप अलग-अलग समय ही निर्धारित किया जाना चाहिए परंतु विद्यालय संचालन की अवधि एक समान रहनी चाहिए।

बैठक में तय किया गया कि विभाग द्वारा प्रस्तावित त्रिस्तरी ढांचे में यदि प्राथमिक शिक्षक संघ को विश्वास में नहीं लिया गया तो इसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। ऑनलाइन कार्यों की बहुलता के कारण इसका शिक्षण कार्य पर पड़ रहे प्रभाव को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की गई और जल्द ही इसके कोई उचित समाधान की मांग की गई। बैठक में पदोन्नति, समायोजन तथा वार्षिक गोपनीय आख्या, नवीन पेंशन योजना के अंतर्गत कटौती तथा विद्यालयों के कोटिकरण तथा दुर्गम के शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा की गई।

संगठन प्रतिनिधियों द्वारा ऑनलाइन एवं बाल गणना आदि कार्यों में सरलता बनाने हेतु बल दिया। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी पुष्कर लाल टम्टा से इसमें निर्देश जारी करने की मांग की गई जिस पर सीईओ द्वारा शीघ्र ही निर्देश जारी करने का आश्वासन दिया गया।
बैठक में जिलाध्यक्ष नंदराम आर्य, जिला मंत्री डीकर सिंह पडियार, जिला कोषाध्यक्ष मदन मोहन सिंह बिष्ट, बंशीधर कांडपाल, सुरेश चंद जोशी, गोपाल सिंह बिष्ट, दिनेश मनराल, मनीता कटारिया, हरीश पाठक, हेम चंद भट्ट,मदन बर्तवाल,अनिल कुमार शर्मा, शिवराज सिंह, नवीन चंद, जगमोहन सिंह, धर्मेंद्र पाल, जीवंती गोस्वामी, पूरन चंद पंत, प्रमोद कविदयाल, हीरा बसानी, कैलाश चंद पंत, सतीश नैनवाल,संजय कुमार, रवि शंकर, सुशील कुमार, मोहन चंद पलडिया, सतीश बधानी, सुरेश सुयाल, मनोज मोहन कश्मीरा,गोविंद सिंह बिष्ट, बृज मोहन, सुशील पंत तथा अमित कुमार आदि उपस्थित रहे।



**बैठक**

- निर्वाचित पदाधिकारियों को सामूहिक रूप से शपथ दिलाई
- अध्यक्ष पद की दावेदारी का समर्थन सर्वसम्मति से किया



# सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नगर की सामाजिक सरोकारों से जुड़ी जनहित संस्था की बैठक रविवार को श्री राम सेवक सभा सभागार में संस्था के अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन मंथन किया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि संस्था की ओर से वर्तमान में चल रहे नवम्बर माह के अंतिम सप्ताह में विशेष सद्भावना भोज का आयोजन किया जाएगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि शहर के विभिन्न जीण शीर्ण मार्गो की मरम्मत कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाने हेतु सम्बन्धित विभाग को पत्राचार कर आवश्यक कार्य सम्पन्न कराने हेतु लिखा जायेगा। बैठक में राजकीय बी. डी. पांडे जिला चिकित्सालय की अव्यवस्थाओं के सम्बन्ध में चर्चा कर पुनः न्यायालय के समक्ष जाने पर विचार किया गया। बैठक में संस्था के संरक्षक जगमोहन सिंह बिष्ट,उपाध्यक्ष अशोक साह व दिव्या साह समेत प्रो. ललित तिवारी, महासचिव महेश चन्द्र आर्य, वकील उद्दीन, कोषाध्यक्ष मनोज सनवाल, मीडिया प्रभारी जी0 के0 गौरव बब्बी, नन्द लाल, नितिन साह, देवकी कुंवर, चंद्रा पंत, नफीस अहमद, विजय साह तथा रईस अहमद के अलावा अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# अमेरिका किडज़ का 14वां वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अमेरिका किडज़ का 14वां वार्षिक महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। सीआरएसटी इंटर कॉलेज में आयोजित समारोह में विद्यार्थियों ने दिलकश कार्यक्रम प्रस्तु कर दर्शकों का मनमोह लिया। समारोह के मुख्य अतिथि कुर्माचाल बैंक के पूर्व चेयरमैन अलोक साह व विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी साह थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना के किया गया। जिसके बाद बच्चों द्वारा लाइटिंग टू लैंप, शिव तांडव, ग्रुप डिवीज़न, नर्सरी पोएम्स, ग्रुप कॉपीटीशन, चेयर रेस, फिजिकल स्ट्रेंथ, योगा, चैन डिस्प्ले, जुम्बा समेत अन्य कार्यक्रम की सुन्दर प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि आलोक साह ने कहा कि यह नगर स्कूली शिक्षा का हब है। जिसे मशहूर बनाने के प्राइमरी स्कूली की भूमिका अहम रही है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की खूब प्रशंसा की। प्रधनाचार्य दीपा बिष्ट ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। समारोह में अब्बल विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। समारोह में गीता साह, ज्योति प्रकाश, तारा बोरा, रानी साह, मधुमीता, नवनीत जोशी, रेशमा टंडन,जय जोशी, कंचन जोशी, मंजू बिष्ट,रीतह्म दियौपा, निवर्तमान सभासद गजाला कमाल, जया आर्य, नेहा बिष्ट, उदिती रावत, तन्नू डालाकोटी, सुनीता समेत समस्त स्टॉफ मौजूद रहा। समारोह का संचालन खुशी शर्मा ने किया।



## NEWS / फटाफट

### नवनियुक्त कोतवाल उमेश मलिक ने कार्यभार संभाला



**नैनीताल।** जिला मुख्यालय नैनीताल के कोतवाली के नवनियुक्त कोतवाल उमेश मलिक ने रविवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है। कार्यभार संभालने के बाद पत्रकारों से रु बरू होते हुए नवनियुक्त कोतवाल उमेश मालिक ने कहा कि शहर की चरमराती यातायात व्यवस्था को नियंत्रित करने को वह प्रभावी कदम उठाएंगें। कहा कि इसके अलावा उनका मुख्य फ ोकस नशे पर रोकथाम लगाकर नशेडियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना होगा। कहा कि नगर की सुनसान जगहों पर गस्त बढ़ाई जाएगी क्यों कि ऐसे स्थानों पर भी अराजक तत्वों का अड्डा अधिक रहता है। बोले कि पर्यटन कारोबार को बेहतर बनाया जाएगा। बाहरी क्षेत्र से शहर में पहुंच रहे लोगों का सत्यापन किया जाएगा। कहा कि नशे के प्रति लोगों को जागरूक किया जाएगा,नगर में चोरी की घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जाएगा। इस दौरान दीपक सिंह कार्की, बीएस मेहता, शहीद अली समेत अन्य लोग मौजूद रहे। बता दें कि मलिक वर्ष 2002 से पुलिस विभाग की सेवा कर रहे हैं। उनकी पहली पोस्टिंग भी नैनीताल में रही, वह वर्ष 2016 में इंस्पेक्टर बने, किच्छा तथा पंतनगर में बतौर कोतवाल रहे।

### बीपीएल शिक्षा प्रयास समिति का स्थापना दिवस मनाया



**हल्द्वानी।** बीपीएल शिक्षा प्रयास समिति के चतुर्थ स्थापना दिवस को बड़े ही सादगीपूर्ण और भक्तिमय तरीके से मनाया। के अवसर पर यहां नवाबी रोड अरूणोदय धर्मशाला के निकट समिति परिसर में एक भव्य संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में भक्तिभाव से परिपूर्ण माहौल ने शहर के गणमान्य व्यक्तियों और बच्चों को आस्था और शांति की अनुभूति कराई। कार्यक्रम में पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री रेनू अधिकारी, हल्द्वानी के वर्तमान मेयर जोगेंद्र सिंह रौतेला, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा प्रसाद, और आनंद सिंह ठठोला, आनंद सिंह रावत, हेमा हर्बोला, इन्दू आर्या, आरएस आर्या, कुसमा बिष्ट, सुनीति कपूर, डा. नीरज वार्ष्णेय, सुनीता पाण्डे, रीता बोरा, प्रेमा खुल्वे, गंगा गुणवंत, नीतू अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल, खुशबू जायसवाल, नंदीनी देवल, सुमन वार्ष्णेय, रश्मि शर्मा, मन्ना परगाई, आशीष अग्रवाल, निखिता अग्रवाल, राजू गुप्ता, कलावती शाह, बसंत शाह सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### साथी संगठन की साप्ताहिक बैठक का आयोजन

**हल्द्वानी।** साथी संगठन की साप्ताहिक कार्यक्रम के अंतर्गत झंडा पार्क/ शहीद पार्क ठंडी सड़क नैनीताल रोड में संगठन की एक बैठक संगठन के अध्यक्ष आनंद सिंह की अध्यक्षता में आहुत की गई। चुकीं संगठन को 2 वर्ष पूर्ण होने के कारण संगठन की कार्यकारिणी का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है इसलिए आज नई कार्यकारिणी के गठन हेतु सदस्यों में गहन विचार विमर्श हुआ जिसमें तय किया गया कि दिनांक 1 दिसंबर 2024 रविवार को संगठन के सभी पदाधिकारी को वार्षिक मीटिंग में उपस्थित होने हेतु आवाहन किया जाए एवं उसी दिन अगले दो वर्षों के लिए नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। उसके उपरांत राष्ट्रीय गान पर अध्यक्ष द्वारा मीटिंग का समापन किया। उसके उपरांत संगठन के संरक्षक लीलाधर पांडे के नेतृत्व में गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर संगठन हल्द्वानी के पूर्व अध्यक्ष गंगा सिंह चम्याल के निवास में जाकर उनके स्वास्थ्य की कुशलक्षेम ली एवं साथी संगठन के स्थापना दिवस में उनको सम्मानित किए गए प्रशस्ति पत्र को उनके निवास में देकर सम्मानित किया और उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ एवं दीर्घायु की कामना की। आज की बैठक में अध्यक्ष आनंद सिंह, संरक्षक लीलाधर पांडे, संगठन मंत्री लक्ष्मण सिंह गौनिया, उपाध्यक्ष विजय तिवारी, प्रचार मंत्री राजेंद्र सिंह बोहरा, संगठन के सचिव आनंद सिंह रावत, सदस्य डीडी शर्मा, सदस्य सुरेंद्र सिंह बिष्ट उपस्थित रहे।

# ग्रीन हार्टफुलनेस रन एवं पौधरोपण का आयोजन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य जागरूकता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रविवार को फत्ताबंगर, गोरापड़ाव स्थित हार्टफुलनेस ध्यान केंद्र में ग्रीन हार्टफुलनेस रन एवं वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय पहल का दूसरा संस्करण था, जिसमें बच्चों से लेकर वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था।

हार्टफुलनेस संस्थान द्वारा यह दौड़ विश्वभर में आयोजित की जाती है। इस वर्ष भारत में दस हजार उन्नत प्रजातियों के वृक्षों के रोपण का लक्ष्य रखा गया है। हल्द्वानी में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय समुदाय ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। संस्थान ने उन्नत प्रजातियों के पौधे लगाए और उपस्थित लोगों को पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। आयोजकों का मानना है कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं और समुदाय को पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। इस मौके पर दौड़ का भी आयोजन किया गया जिसमें छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया। विभिन्न वर्गों में दौड़ आयोजित की गई, जिनमें से प्रत्येक में शीर्ष तीन स्थान प्राप्त करने वालों को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए गए। बालकों की 16 आयु वर्ग में कौस्तुभ शाह ने स्वर्ण, भावेश पांडे ने रजत, भावेश सिंह ने कांस्य पदक जीता जबकि सीनियर महिला वर्ग अंकिता पुनेठा ने स्वर्ण, कमला बिष्ट ने रजत और नीमा बिष्ट ने कांस्य पदक जीता। वहीं सीनियर पुरुष वर्ग आशीष सनवाल ने स्वर्ण, कर्नल रोशन लाल ने रजत जबकि गिरीश बिष्ट ने कांस्य जीता। कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों की विशेष दौड़ भी हुई जिसमें शिवा पुनेठा ने स्वर्ण, पार्थ घोष ने रजत, अपूर्व फुलारा ने कांस्य जीता।

इस दौरान कार्यक्रम में बीएलएम एकेडमी, प्रधानाचार्या गायत्री कंवर, विष्णु दत्त उपाध्याय,समन्वयक अनिल सिंह बिष्ट समेत अन्य रहें।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत



## भूल पड़ेगी भारी

***सिखों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान किया। इससे पहले मुगल शासन के दौरान धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने बलिदान दिया। आजादी के बाद भारत की प्रगति में सिखों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। भारत के अतिरिक्त विदेश में भी सिखों ने कर्मठता से अलग पहचान बनाई है। कनाडा में सिख समुदाय संपन्न है और देश के विकास में योगदान कर रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री सिखों की रचनात्मक क्षमता का सदुपयोग करके अपने देश की प्रगति के साथ भारत से संबंध सुधारने का लाभ उठा सकते हैं। चरमपंथ और हिंसा कनाडा के लिए आत्मघाती साबित होगी और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी कुर्सी गंवा बैठेंगे।***

राजनीति के लिए धार्मिक स्थलों का दुरुपयोग नहीं किया जाना चाहिए। कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित मंदिर में हिन्दू श्रद्धालुओं पर खालिस्तान समर्थकों ने हमला कर दिया। कैनेडियन नेशनल काउंसिल ऑफ हिन्दू और हिन्दू फेडरेशन ने फैसला किया कि राजनेताओं को राजनीतिक उद्देश्य के लिए मंदिर आने की अनुमति नहीं दी जायेगी। कनाडा में हिन्दुओं के विरोध की यह पहली घटना नहीं है। वर्ष 2022 में ब्रैम्पटन में गौरी शंकर मंदिर और जगन्नाथ मंदिर में तोड़फोड़ की गई थी। मिसिसांगा में हिन्दू हैरिटेज सेंटर में दान पेटी और कार्यालय में तोड़फोड़ की गई। रिचमंड हिल के विष्णु मंदिर में महात्मा गांधी की प्रतिमा को तोड़ा गया। टोरंटो के मंदिर में तोड़फोड़ हुई। वर्ष 2023 में मेट्रो वैंकूवर के लक्ष्मी नारायण मंदिर के अध्यक्ष के घर पर फायरिंग की गई। किचनर में रामधाम मंदिर में तोड़फोड़ की गई। इससे पीछे जायें तो चार दशक पहले भारत में खालिस्तान की मांग करने वाले आतंकियों ने हजारों लोगों को मौत के घाट उतारा था। कनाडा और ब्रिटेन में बैठे सरगना भारत के युवाओं को आतंकी बनाकर हिंसा की आग में झोंक रहे थे। धर्मस्थलों में छिपे आतंकवादियों का खात्मा करने के लिए सेना को कार्रवाई करनी पड़ी। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पंजाब के मुख्यमंत्री बेअंत सिंह समेत अनेक हस्तियों की हत्या कर दी गई। अंततः संत लोंगोवाल ने तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी से समझौता किया और धर्मस्थल आतंकवादियों से मुक्त हो सके। भारत में खालिस्तान आतंकवाद की पुनरावृत्ति नहीं हो सकती। मुट्ठीभर अलगाववादी तत्वों को हिंसा फैलाने की भूल भारी पड़ेगी। कनाडा के पूर्व मंत्री ने स्पष्ट कहा है कि कनाडा के ज्यादातर सिख धर्मनिरपेक्ष हैं। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो खालिस्तानी चरमपंथियों को मजबूत कर रहे हैं, लेकिन उन्हें अगले चुनाव में सत्ता से हाथ धोना पड़ेगा। सिखों ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान किया। इससे पहले मुगल शासन के दौरान धर्म की रक्षा के लिए सिख गुरुओं ने बलिदान दिया। आजादी के बाद भारत की प्रगति में सिखों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। भारत के अतिरिक्त विदेश में भी सिखों ने कर्मठता से अलग पहचान बनाई है। कनाडा में सिख समुदाय संपन्न है और देश के विकास में योगदान कर रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री सिखों की रचनात्मक क्षमता का सदुपयोग करके अपने देश की प्रगति के साथ भारत से संबंध सुधारने का लाभ उठा सकते हैं। चरमपंथ और हिंसा कनाडा के लिए आत्मघाती साबित होगी और प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो अपनी कुर्सी गंवा बैठेंगे।

# दो दिवसीय हिमालयन इकोज साहित्य महोत्सव

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद के तत्वावधान में उत्तराखंड पर्यटन विभाग के सहयोग से हिमालयन इकोज साहित्य महोत्सव के नौवें दो दिवसीय संस्करण के तहत नैनीताल के एवट्सफोर्ड हाउस में रविवार को कई रुचिकर विषयों पर विषय विशेषज्ञों ने अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए।





कार्यक्रम के तहत विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई जो विविध और रुचिकर थीं जिससे दर्शक पूरी तरह जुड़ गए। इन विषयों में शिक्षा के पाठ्यक्रम, हमारे जीवन में वृक्षों का महत्व, समानता और न्याय, आंतरिक यात्रा और मानसिक स्वास्थ्य और हिमालय पर आधारित कविताएं शामिल थीं। विभिन्न सत्रों के बीच में दर्शकों को उपस्थित लेखकों से बातचीत करने का अवसर मिला। कई दर्शकों ने लेखकों के साथ दिलचस्प चर्चाएं कीं और उनकी पुस्तकों की व्यक्तिगत रूप से हस्ताक्षरित प्रतियां स्मृति स्वरूप प्राप्त कीं। इस मौके पर अजु खन्ना जो मधुबन श्री अरविंदो आश्रम की मार्गदर्शिका हैं ने विजयलक्ष्मी बोस के साथ संवाद किया। विजयलक्ष्मी बोस मधुबन श्री अरविंदो आश्रम के लिए कहानियों और प्रकाशनों की सह लेखिका हैं। उन्होंने ध्यान और इसके लाभों पर चर्चा की और दर्शकों को ध्यान की एक प्रक्रिया का अभ्यास कराया। उन्होंने महान लोगों की आत्मा के प्रभाव और उनके विचारों की निरंतरता पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने यह भी बताया कि स्कूली पाठ्यक्रम को डिजाइन थिंकिंग तथा माइंड मैपिंग तथा पारिस्थितिकी और संस्कृति पर आधारित होना चाहिए।

इस मौके पर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध लेखक विकास स्वरूप जिन्हें उनकी किताब स्लमडॉग मिलियनेयर के लिए वैश्विक पहचान मिली ने अंबरीन खान इंडियन एक्सप्रेस की कम्युनिकेशंस हेड के साथ बातचीत की। विकास स्वरूप ने बताया कि उन्हें रोजमर्रा की जिंदगी पर आधारित थ्रिलर लिखने में रुचि है। उन्होंने अपनी नवीनतम पुस्तक द गर्ल विद द सेवन लाइव्स पर चर्चा की जो एक लडक़ी के सात अलग-अलग व्यक्तित्वों में बदलने पर आधारित है। उन्होंने जोर देकर कहा कि कथा साहित्य में किसी प्रकार का संघर्ष होना चाहिए जो इसे रोचक बनाता हैए और इसके बिना किताबें फीकी पड़ जाती हैं। एस.नतेश जिन्हें बायोस्पेक्ट्रम लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया है ने सुमंता घोष प्रकृतिवादी और वंगाट (कॉर्बेट) के संस्थापक के साथ बातचीत की। एस. नतेश ने अपनी पुस्तक आइकॉनिक ट्रीज ऑफ इंडिया के माध्यम से वृक्षों की पारिस्थितिकी पर चर्चा की। उन्होंने कुछ महान वृक्षों के इतिहास, आयु, आकार तथा पौराणिकता और संस्कृति के आधार पर पहचान की। सौरभ किर्पाल सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकील और नाज फ ाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी ने उदय प्रताप सिंह न्यूज एक्स के न्यूज एडिटर और एंकर के साथ चर्चा की जबकि सौरभ किर्पाल ने समानता पर बात की। वहीं सुजीव शाक्य जो हिमालयन फ्यूचर फोरम के संयोजक और अनलीशिंग नेपाल तथा अनलीशिंग द वज्र के लेखक हैं ने नीना क्लेर वेलबीइंग स्पेस में एक सशक्त आवाज के साथ संवाद किया। इस मौके पर 30 से अधिक पुस्तकों की लेखिका और हिंदुस्तानी आवाज संगठन की संचालिका रख्शंदा जलील ने प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि उर्दू कवियों ने हिमालय को एक व्यक्ति के रूप में हिमालय कहा है। उनका मानना है कि हिमालय भारत के लिए वास्तव में एक रूपक है। कार्यक्रम का एक और आकर्षण देवभूमि उत्तराखंड के पारंपरिक छोलिया नृत्य का प्रदर्शन था। छोलिया नृत्य कुमाऊं क्षेत्र का पारंपरिक तलवार नृत्य है जिसे शुभ अवसरों पर किया जाता है। यह माना जाता है कि छोलिया नृत्य बुरी आत्माओं और राक्षसों से बचाव करता है।

## काली नदी में रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण चौथे दिन भी जारी

**नैनीताल** । उत्तराखंड पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित कुमाऊं मंडल विकास निगम द्वारा संचालित जौलजीबी के काली नदी में रिवर राफ्टिंग प्रशिक्षण रविवार को चौथे दिन भी जारी रहा।

कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी ने कहा कि रविवार को काली नदी में राजकीय इंटर कॉलेज बगडीहाट के 40 छात्र छात्राओं ने रिवर राफ्टिंग का प्रशिक्षण लिया। छात्र-छात्राओं को हिमालय बचाओ अभियान से जोड़ते हुए शपथ दिलाई। छात्र- छात्राओं ने नदी स्वच्छता कार्यक्रम के तहत नदी की सफाई भी की।

प्रशिक्षण देने में राजेंद्र सिंह समेत पदम सिंह, वेद प्रकाश, विनोद धामी, अजय धामी तथा मनोहर सिंह व भुवन सिंह शामिल रहे।

# महिला व उसके परिवार पर जानलेवा हमला

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

शहर के सुभाष नगर इलाके में एक महिला और उसके परिवार पर जानलेवा हमला, मारपीट, लूट और घर में तोड़फोड़ की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। पीड़िता हरमीत कौर ने न्यायालय में दाखिल तहरीर में गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि 25 अगस्त को लगभग 10 बजे रात, उनके परिवार को 70-80 लोगों की भीड़ ने योजनाबद्ध तरीके से निशाना बनाया।

दिल्ली निवासी हरमीत कौर अपनी स्वर्गीय माता की याद में अखंड पाठ के लिए हल्द्वानी के सुभाष नगर स्थित पैतृक घर आई थीं। घटना के दिन वह अपने पति सरबजीत सिंह और बेटे सरप्रीत सिंह के साथ बाजार से लौट रही थीं, जब उनके घर के पास स्थित कृष्णा हॉस्पिटल वाली गली में एक युवक नैन्सी ने अपनी कार बीच सड़क में खड़ी कर दी। जब सरप्रीत ने रास्ता देने के लिए हॉर्न बजाया, तो नैन्सी ने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज किया और जान से मारने की धमकी दी। 15 मिनट के इंतजार के बाद जब सरप्रीत ने फिर से कार हटाने का अनुरोध किया, तो नैन्सी और उसके साथी इकजोत कालरा, भवनीत छतवाल ने और अधिक गाली-गलौज और धमकियां दीं। पीड़िता के अनुसार, भवनीत छतवाल ने फोन कर अन्य साथियों को बुलाया।

कुछ ही देर में करीब 70-80 लोग हथियारों से लैस होकर वहां पहुंचे। इन लोगों ने हरमीत कौर, उनके पति, और बेटे पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों, ईंटों, तलवारों और पत्थरों से लैस इस भीड़ ने पीड़िता के घर में जबरन घुसकर तोड़फोड़ मचाई और 85,000 रुपये की नकदी लूट ली। हमले के दौरान पीड़िता की बेटी, मेड माही, रजत, और फहीम अहमद ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। लेकिन हमलावरों ने महिलाओं के साथ छेड़छाड़ और गाली-गलौज की, जिससे वे भी घायल हो गए। पीड़िता और उनके पति को गंभीर चोटें आईं, और उनका परिवार खून से लथपथ हो गया। घटना के बाद पीड़िता की मेड ने पुलिस को 112 पर कॉल किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की और घटनास्थल की वीडियो रिकॉर्डिंग की। हालांकि, पीड़िता का आरोप है कि उन्होंने 26 अगस्त को थाना कोतवाली हल्द्वानी और 9 सितंबर को एसएसपी हल्द्वानी को तहरीर दी, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। पीड़िता और उनके परिवार ने हमलावरों के डर से तुरंत अपना इलाज भी नहीं कराया। कई घंटे बाद 26 अगस्त की सुबह 4:15 बजे उन्होंने अस्पताल पहुंचकर मेडिकल जांच करवाई। परिवार का इलाज अब भी जारी है, और वे लगातार खतरे में हैं। वहीं पुलिस कार्रवाई न होने से निराश होकर हरमीत कौर ने न्यायालय की शरण ली है। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और अपनी सुरक्षा की मांग की है। अब पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# फिल्मी दुनिया

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं खत्म हो रहा मंजुलिका का आतंक




*हाल ही में सूर्या और बॉबी देओल की रिलीज हुई फिल्म कंगुवा भी रिलीज होते ही दम खो चुकी है। वही, विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की हालत में खस्ता चल रही है। तो आइए जानते हैं कि रविवार को किस फिल्म ने कैसी कमाई की है। दिवाली 2024 में रिलीज होने हुई सिंघम अगेन%और भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर अपनी जंग जारी रखे हुए हैं। दोनों ही रिलीज ने अपनी पकड़ बनाए रखी है, हालांकि कार्तिक आर्यन स्टारर इस फिल्म के अपने पूरे थिएटर रन के अंत तक बड़े पैमाने पर एक्शन से भरपूर फिल्म से आगे निकलने के पूरे मौके हैं। वही, सिंघम अगेन की हालत खस्ता नजर आ रही है। हाल ही में सूर्या और बॉबी देओल की रिलीज हुई फिल्म कंगुवा भी रिलीज होते ही दम खो चुकी है। वही, विक्रांत मैसी की फिल्म द साबरमती रिपोर्ट की हालत में खस्ता चल रही है। तो आइए जानते हैं कि रविवार को किस फिल्म ने कैसी कमाई की है। उधर अनीस बज्मी निर्देशित कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 3 बॉक्स ऑफिस पर बेहतर प्रदर्शन कर रही है। हॉरर-कॉमेडी ने अपने पहले सप्ताह में 148.75 करोड़ रुपये कमाए, उसके बाद दूसरे सप्ताह 56 करोड़ रुपये की दमदार कमाई की। फिल्म ने अब टैली में 15.50 करोड़ रुपये और जोड़ लिए हैं, 17वें दिन पांच करोड़ 52 लाख रुपये का कलेक्शन किया, इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब 230.92 करोड़ रुपये हो गई है।*

### सिंघम अगेन

*फिल्म ने अपने तीसरे वीकेंड की शुरुआत 15वें दिन 3 करोड़ रुपये की कमाई से की, जिसके बाद तीसरे शनिवार और रविवार को मामूली बढ़त दर्ज की गई। इसने 16वें दिन 3.5 करोड़ रुपये और 17वें दिन 4.5 करोड़ रुपये की कमाई की। रविवार को फिल्म ने तीन करोड़ 56 लाख रुपये का कलेक्शन किया, इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई अब 230.16 करोड़ रुपये हो गई है।*

### कंगुवा

*सूर्या की फिल्म कंगुवा दर्शकों की औसत समीक्षाओं के बावजूद बॉक्स ऑफिस पर मजबूत पकड़ बनाए हुए है। सैकनिल्क के अनुसार, कंगुवा ने चार दिनों में भारत से 53.85 करोड़ रुपये जोड़ लिए हैं, और वेबसाइट के शुरुआती अनुमानों के अनुसार, चौथे दिन फिल्म ने 10.50 करोड़ रुपये कमाए।*

# विद्यालय संचालन समय 8:45 से 3:15 किया जाना छात्र हित में उचित नहीं:पडीयार

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

वर्तमान में प्रदेश के शिक्षा महानिदेशक द्वारा जनपदों को प्रेषित पत्र में कहा गया है कि पूरे प्रदेश में विद्यालय का पूरे वर्ष भर संचालन समय एक समान 8:45 प्रात: से 3:15 तक किया जाना है जिस हेतु अभिभावकों, शिक्षकों से सुझाव मांगे गए हैं । यह बात कहते हुये डिकर सिंह पडियार जिला मंत्री उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन ने कहा कि उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद नैनीताल पूरे वर्ष भर विद्यालय संचालन समय 8:45 प्रात: से 3:15 तक का कडा विरोध करता है ,संगठन मांग करता है कि नैनीताल जिले की भौगोलिक स्थिति अन्य जनपदों से भिन्न है यहां जनपद का कुछ भाग मैदानी क्षेत्र है जहां गर्मियों में भीषण गर्मी पड़ती है दोपहर बाद बाहर निकालना अत्यंत कष्टकारी एवं किसी खतरे से खाली नहीं है ,वहीं दूसरी ओर पर्वतीय क्षेत्र है जहां पर सर्दियों में अत्यंत ठंड के साथ पाल एवं बर्फबारी



होती है जिस कारण अत्यधिक ठंड होने के कारण प्रात: 8:45 में बच्चों का विद्यालय पहुंचना संभव नहीं हो पाता है। इसलिए इस समय में बच्चों को स्कूल में पहुंच पाना और पूरे दिन भर बच्चों को स्कूल में बने रहना बेहद कष्टकारी एवं छात्र हित में उचित नहीं है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संगठन जनपद नैनीताल जनपद की विषम भौगोलिक स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए उपरोक्त समय का विरोध करता है तथा मांग करता है कि पूर्व से जो समय विद्यालय संचालित होते आ रहे हैं इस समय को यथावत रखने के साथ ही ग्रीष्मकालीन अवकाशों वाले विद्यालयों से शीतकालीन वाले विद्यालय एक घंटा प्रतिदिन अधिक विद्यालय संचालन समय रखा गया है ,शीतकालीन एवं ग्रीष्मकालीन विद्यालयों का संचालन समय भी एक समान किया जाए।

## News कॉर्नर

### छात्र संदिग्ध परिस्थिति में लापता, कोतवाली पहुंचे परिजन



**रुद्रपुर।** रम्पुरा क्षेत्र निवासी छात्र संदिग्ध हालात में लापता हो गया। परिजन कोतवाली पहुंचे और उन्होंने पुत्र की बरामदगी की मांग की। परिजनों ने उसके एक सहपाठी और उसके साथियों पर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया है। जिसके बाद से वह लापता है। रम्पुरा वार्ड 23 निवासी खुशबू रविवार दोपहर कालोनी की कई महिलाओं के साथ कोतवाली पहुंची और पुलिस को तहरीर सौंपी। तहरीर में कहा कि था कि उसका पुत्र हिमेश राज्य की सीमा पर स्थित एक निजी स्कूल में कक्षा 11 का छात्र है। आरोप है कि शनिवार शाम प्रीत विहार के पास उसी छात्र ने अपने अन्य साथियों के साथ हिमेश को घेर कर मारपीट की थी। पुत्र के साथ मारपीट होती देख लोग एकत्र हुए तो आरोपी फरार हो गए थे। आरोप है कि इस घटना के बाद से पुत्र गायब है। उसकी कई जगह तलाश की गई लेकिन नहीं मिला। परिजनों ने उसके साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए बरामदगी की मांग की है। एसएसआई नवीन बुधानी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### रोडवेज की दो सेवाओं का संचालन रहा ठप

**अल्मोड़ा।** वीकेंड पर दो रूटों पर रोडवेज बसों का संचालन ठप रहा। अपराह्न बाद वाहनों की सीमित आवाजाही से जागेश्वरधाम, चितई मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं और यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। बीते रोज रोडवेज की अल्मोड़ा-टनकपुर, अल्मोड़ा-बेतालघाट बसों का संचालन ठप रहा। अपराह्न तीन बजे बाद जैंती, भनोली, लमगड़ा, सोमेश्वर, बाड़ेछीना, रानीखेत, हल्द्वानी रूटों पर बसों और टैक्सियों की सीमित आवाजाही हुई। इस कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। सप्ताहांत पर बाहरी स्थानों से कई श्रद्धालु जागेश्वर धाम, चितई मंदिर में दर्शनों को आए थे।

# कुमाऊं विवि में अंतर महाविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के तत्वावधान में डीएसए मैदान में रविवार को कुमाऊं विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय हॉकी (पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

बता दें प्रतियोगिता में तीन टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के तहत एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी और राधे हरी पीजी कॉलेज काशीपुर के मध्य मुकाबला खेला गया जिसमें राधे हरी पीजी कॉलेज काशीपुर ने एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी को 5-1 अंकों के अंतर से हराया। बता दें कि



प्रतियोगिता के तहत फाइनल मुकाबला विगत वर्ष की विजेता टीम डीएसबी परिसर नैनीताल तथा राधे हरी पीजी कॉलेज काशीपुर के मध्य खेला गया जिसमें राधे हरी पीजी कॉलेज ने यह मुकाबला 4-2 से जीत लिया। निर्णायक चंद्र लाल, सुनील कुमार, देवेंद्र सिंह,अनीता बोरा तथा अपूर्व बिष्ट रहे। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट वरुणा अग्रवाल ने विजेता व उप विजेता टीमों के खिलाडियों को पुरुस्कृत किया। इस मौके पर उन्होंने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि खिलाड़ी समाज को ऊर्जा देते हैं तथा खेल हमें आपस में जोड़ता है। पुरुस्कार वितरण समारोह में अग्रवाल के साथ परिसर निदेशक प्रो.नीता बोरा शर्मा,अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो.संजय पंत,डा.पुष्कर सिंह बिष्ट ने भी सहयोग किया। इस मौके पर डीएसबी परिसर की निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने विजेता व उपविजेता टीमों को बधाई दी। इस मौके पर परिसर के अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. संजय पंत व डीएसबी परिसर के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि समेत सभी का परिसर प्रशासन की ओर से स्वागत किया तथा प्रतियोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी,साथ ही परिसर प्रशासन के अधिकारियों की ओर से मुख्य अतिथि वरुणा अग्रवाल तथा अन्य का बैच लगाकर व शाल ओढाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर डॉ. संतोष कुमार ने बताया की टीमों के चयनित खिलाड़ी अलीगढ़ विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर विश्वविद्यालय हॉकी प्रतियोगिता में प्रतिभा करेंगे। इस अवसर पर प्रो.ललित तिवारी,डॉ.पुष्कर सिंह,डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. मनोज सिंह बिष्ट,डा. हिरदेश शर्मा, डॉ. हरीश रौतेला समेत लाल सिंह बिष्ट, जय सिंह, मुदित साह जगाती समेत खेल प्रेमी मौजूद थे।

# डीएम वंदाना के निर्देश पर सरकारी व निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

जिलाधिकारी वंदना सिंह के निर्देश पर प्रशासन, अग्निशमन और स्वास्थ्य विभाग ने सरकारी और निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण करते हुए फायर सेफ्टी मानकों की बारीकी से जांच की। जिसमें सरकारी व निजी अस्पतालों में फायर सुरक्षा और उसके मानकों की दृष्टि से कई प्रकार की कमियां पाई गई। सिटी मजिस्ट्रेट ने कहा कि चैकिंग अभियान का क्रम सरकारी, निजी अस्पताल, नर्सिंग होम और डायग्नोस्टिक सेंटर में आगे भी जारी रहेगा। सिटी मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई ने अग्निशमन अधिकारी गौरव किरार और नगर स्वास्थ्य अधिकारी ने अस्पतालों का निरीक्षण किया। महिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए टीम ने आठ कमियां पाई जिसमें स्मोक डिटेकटर, स्प्रिंकल सिस्टम, होजिंग पाइप, कर्मचारियों को उपकरण चलाने का प्रशिक्षण ना हो पाना, इमरजेंसी डोर बंद पाए जाना जैसी कई कमियां



मिलीं। इसके अलावा बेस अस्पताल में अग्निशमन विभाग के निर्देशों के क्रम में फायर एक्सटिंग्विशर, हाउसिंग पाइप, स्प्रिंकल सिस्टम एवं फायर हाइड्रेंट लगाए जाने की कार्यवाही प्रचलित पाई गई। इसके अलावा टीम ने सुशील तिवारी अस्पताल में चतुर्थ तल से छठेताल तक रैंप की व्यवस्था नहीं पाई गई तथा अस्पताल परिसर में स्प्रिंकल सिस्टम नहीं पाए गए।

इसके अलावा तिवारी मेटरनिटी हॉस्पिटल में जब टीम ने निरीक्षण किया तो अस्पताल परिसर में फायर अलार्म एवं स्प्रिंकल सिस्टम नहीं पाए गए । साथ ही साईं अस्पताल में अलार्म पैनल कार्यशील दशा में नहीं पाए गए और स्प्रिंकल सिस्टम भी नहीं पाऐ, इसी प्रकार संजीवनी अस्पताल में रैंप सही नहीं पाया गया। इधर नीलकंठ अस्पताल में द्वितीय तल एवं तृतीय तल में स्प्रिंकल सिस्टम नहीं पाएंगे साथ ही रैंप की व्यवस्था नहीं मिली। सिटी मजिस्ट्रेट ए पी बाजपेई ने बताया की सभी अस्पतालों को अग्निशमन विभाग को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से नोटिस जारी किया जाएगा यदि निश्चित समय में फायर सुरक्षा के उपकरण व प्रशिक्षण प्राप्त कर्मचारी नहीं पाए गए तो अग्रिम वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

# किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड नादेही का नए पिराई सत्र शुरू

**जसपुर**

**हमारे संवाददाता**

किसान सहकारी चीनी मिल लिमिटेड नादेही का नए पिराई सत्र 2024 25 का विधिवत शुभारंभ हो गया। शुभारंभ जसपुर विधायक आदेश चौहान की अध्यक्षता में शुरू हुआ।

कार्यक्रम में जसपुर विधायक व प्रधान प्रबंधक चंद्र सिंह इमलाल ने विधि विधान से पूजा अर्चना की द्य इसके बाद उन्होंने फीता काटकर तौल कांटे को शुरू किया तथा गन्ना डालकर कन्वेयर बेल्ट को चालू किया द्य कार्यक्रम अध्यक्ष ने बताया कि आज पिराई सत्र का शुभारंभ किया गया है तथा कल से विधिवत तौल शुरू हो जाएगा। इस दौरान अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार, पूर्व विधायक जसपुर डॉ शैलेंद्र मोहन सिंघल,नवनियुक्त प्रधान प्रबंधक चीनी मिल चंद्र सिंह इमलाल, जनप्रतिनिधिगण,चीनी मिल कर्मचारी, किसान समेत अन्य मौजूद रहे।



# पुलिस का ड्रंकन ड्राइव के खिलाफ अभियान, आठ लोग हिरासत में

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी मणिकांत मिश्रा के आदेश पर पुलिस, सीपीयू और यातायात पुलिस का जनपद में ड्रंकन ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत जिला मुख्यालय पर चलाएं गए अभियान के तहत पुलिस ने शराब का सेवन करने के दौरान वाहन चलाते मिले चालकों कार्रवाई करते हुए 8 चालकों को हिरासत में लिया है। पुलिस उनके खिलाफ यातायात नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में कार्रवाई कर रही है। पुलिस के मुताबिक शनिवार की रात जिला मुख्यालय पर कोतवाली रुद्रपुर, ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में पुलिस, सीपीयू और ट्रैफिक पुलिस ने संयुक्त रूप से शराब के सेवन करने पर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने इस कार्रवाई के दौरान विभिन्न जगहों पर को शराब के नशे में वाहन चलाते हुए 8 चालकों को हिरासत में लिया। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल ने बताया कि एसएसपी के आदेश पर जनपद में ड्रंकन ड्राइव के विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। यह कार्रवाई संबंधित थाना पुलिस के साथ साथ यातायात पुलिस और सीपीयू संयुक्त रूप से की जा रही है। उन्होंने बताया कि शराब के नशे में वाहन चलाते मिलने पर चालकों पर कार्रवाई की जा रही है। अभियान चला कर संबंधित थाना पुलिस को निर्देश दिए गए हैं। शराब के सेवन करने के दौरान वाहन चलाने पर दुर्घटनाएं हो रही है। पुलिस ने वाहनों को रोक कर चालकों को एल्कोमीटर लगा कर चैक किया। इस अभियान में सीपीयू इंचार्ज राकेश बिष्ट, यातायात निरीक्षक नरेंद्र कुमार आर्या,एसएसआई नवीन बुधानी, एसआई सीपीयू सतपाल पटवाल समेत अन्य पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल रहे।

पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्त- 1.रमेश चंद्र, निवासी गैस गोदाम रोड हल्द्वानी नैनीताल, रोहित निवासी ग्राम सहसवान थाना जिला बदायूं यूपी, संजय कुमार निवासी ग्राम बनकोटडी थाना बिलनी जिला झुंझुनू राजस्थान, अनिकेत निवासी संजयनगर खेड़ा थाना ट्रांजिट कैंप यूएस नगर।



# कार की चपेट में आकर बाइक सवार घायल

**काशीपुर।** रामनगर निवासी अंकुर कुमार (28) रविवार देर शाम बाइक से घर जा रहा था। इसी दौरान स्टेडियम के पास सामने से आ रही कार की चपेट में आकर वह घायल हो गया। लोगों ने उसे फानन मुरादाबाद रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि चालक मौका पाकर कार लेकर फरार हो गया।

# एएनटीएफ यूनिट तैनात कांस्टेबल संतोष की ऋषिकेश एम्स में मौत

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

जनपद ऊधमसिह नगर की एएनटीएफ यूनिट में तैनात सिपाही संतोष रावत उर्फ सोनू की ऋषिकेश एम्स में उपचार के दौरान मृत्यु हो गयी।

संतोष को कुछ दिनों पहले ब्रेन हेमरेज हुआ था। उनके निधन से परिवार में कोहराम मचा है पुलिस महकमे में भी शोक की लहर है। पुलिस के मुताबिक वर्ष 2012 बैच के



कांस्टेबल मूल रूप से बेरीनाग ,पिथौरागढ़ निवासी संतोष रावत उर्फ सोनू ऊधमसिह नगर की एएनटीएफ यूनिट में कार्यरत थे और पुलिस लाईन में रहते थे। बीते दिनों ड्यूटी के दौरान संतोष को अचानक ब्रेन हेमरेज हुआ था। जिस पर उन्हें आवास विकास क्षेत्र स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां पर कुछ दिन भर्ती रहे। इसके बाद संतोष ऋषिकेश एम्स ले जाया गया। रविवार को उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। निधन से परिवार में कोहराम मचा है। वहीं पुलिस महकमें में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों ने सिपाही के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

# बियरशिबा स्कूल में वार्षिकोत्सव 2024 धूमधाम से मनाया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बियरशिबा स्कूल में बीते विस वार्षिकोत्सव का आगाज बहुत धूमधाम से हुआ जिसकी थीम 'संकल्पना' रखी गयी थी। मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट (उधम सिंह नगर नैनीताल) स्कूल के संस्थापिका प्रबन्धिका निरुपमा भट्ट तलवार, चेयरपर्सन तिलकराज तलवार, प्रेसिडेन्ट निरुपेन्द्र भट्ट तलवार, मुस्कान तलवार, प्रधानाचार्या मीना सती, उपप्रधानाचार्य एचएस बब्बर ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संस्थापिका प्रबन्धिका निरुपमा भट्ट तलवार, चेयरपर्सन तिलकराज तलवार, प्रधानाचार्या मीना सती, उप प्रधानाचार्य श्री एचएस बब्बर ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेट करके स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि के रुप में विधायक सुमित हृदेश



तथा एडिशनल एडवोकेट हाईकोट अमित भट्ट भी मौजूद रहे। सर्वप्रथम सलाहाकार के दत्त द्वारा संस्थापक स्व0 एनएनडी भट्ट के जीवनोपरांत किये गये उत्कृष्ट कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया तथा उनके कार्यकाल पर प्रकाश डाला। प्रधानाचार्या मीना सती ने गणमान्य अतिथियों तथा अभिभावकों का हार्दिक स्वागत किया तथा उन्होंने यह कहकर उनका आभार व्यक्त किया कि आपकी मौजूदगी के बिना आज का यह कार्यक्रम सफल नहीं हो पाता।

मुख्य अतिथि सांसद अजय भट्ट अपने भाषण में कहा कि अपने भाषण में वार्षिकोत्सव की थीम 'संकल्पना' की बहुत सराहना की तथा उन्होंने बच्चों को आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और कहा कि इस विद्यालय के बच्चों ने हर क्षेत्र में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है साथ ही उन्होंने यह भी कहा की बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद रचनात्मक गतिविधियों में भी पारंगत किया जाता है। अंत में विद्यालय के उप प्रधानाचार्य एचएस बब्बर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया तथा सभी कार्यक्रम को सुचारु रुप से संचालित करने के लिए सभी शिक्षक और शिक्षिकाओं, का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम सलाहकार के0दत्त, के निर्देशानुसार हुआ, प्रशासनिक प्रबन्धिका निशा सिंह एवं एचओडी अनिता बिष्ट ने भी अपना पूर्ण सहयोग दिया। सीनियर एवं जूनियर वर्ग के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को अच्छे से संचालिक करने में अपना पूरा योगदान दिया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन सीनियर कॉर्डिनेटर मिस निशी वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाएं शामिल रहे।